# न्यायालय, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बसिया (गुमला)।

## आदेश

विविध वाद सं0– 12/2021–22

प्रथम पक्ष – खसरू साहु .... बगैरह।
बनाम
द्वितीय पक्ष – झारखण्ड सरकार .... बगैरह।

| आदेश की क0सं0 एवं तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 10.12.22 | | |

प्रस्तुत वाद अपीलार्थी (1) खसरू साहु, पिता – स्व0 रामावतार साहु उर्फ पगला साहु (2) रामेश्वर साहु (3) गणेश साहु उर्फ टुगरू साहु (4) तिलकु साहु, पिता – स्व0 रामदास साहु उर्फ फुचु साहु (5) राजकिशोर साहु (6) सोमरा साहु उर्फ गंझु साहु पिता – स्व0 बुधु साहु सभी ग्राम – लोयंगकेल, थाना – कामडारा, जिला – गुमला के द्वारा मौजा – लोयंगकेल के खाता सं0 01 के संबंध में अपील दायर किया गया।

### वादगत् भूमि का विवरण


| मौजा | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा |
|---|---|---|---|
| लोयंगकेल | 01 | 116, 1732, 112, 1415, 117, 761, 219, 111, 459, 113, 460, 115, 463, 465, 664 | 26.98 एकड़ |

**कुल रकबा 26.98 एकड़**

अपीलार्थी के द्वारा दाखिल विविध वाद को सुनवाई हेतु इस वाद को ग्रहण किया गया। अपीलार्थी के द्वारा दाखिल विविध वाद में कहा गया है कि खाता सं0 01 का पंजी ।। में अपीलार्थी वगैरह का नाम चढाने हेतु दाखिल किया गया है। अपील आवेदन पर कार्रवाई प्रारम्भ कर अपीलकर्त्ता को अपना पक्ष रखने हेतु नोटिस निर्गत किया गया।

### अपीलार्थी की ओर से लिखित बहसः–

अपीलार्थी नोटिस प्राप्त कर अपने प्रधिकृत विद्वान अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हुए अपीलार्थी द्वारा खाता सं0 01 का पंजी ।। में अपीलार्थी वगैरह का नाम चढ़ाने हेतु दाखिल किया गया है। आवेदक द्वारा समर्पित बंडा पर्चा एवं मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली निम्न प्रकार है :–




अपीलार्थी खसरू साहु वगैरह के द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए अनुरोध किया गया है कि पंजी ।। में उपरोक्त वंशावली के अनुशार संशोधन करते हुए नाम दर्ज करने की कृपा की जाय।

**अपीलार्थी की ओर से दाखिल कागजात।**

1 बंडा पर्चा की छाया प्रति।
2 मुखिया से सत्यापित वंशावली की छायाप्रति।
3 खतियान की छायाप्रति।

**निष्कर्ष**

उपर्युक्त तथ्यों एवं अपीलार्थी के दाखिल दस्तावेज लिखित जवाब, बहस सुनने एवं अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त वाद मौजा – लायंकेल के खाता सं0 01, प्लॉट 116, 1732, 112, 1415, 117, 761, 219, 111, 459, 113, 460, 115, 463, 465, 464, रकबा 26.98 एकड़ भूमि से संबंधित है। अपीलार्थी के आवेदन को स्वीकृत करते हुए पूर्व में दर्ज नाम को पंजी ।। से निरस्त करते हुए वंशावली के अनुरूप पंजी ।। में नाम दर्ज करने हेतु आदेश की एक प्रति अंचल अधिकारी, कामडारा को भेजें।

लेखापित एवं संशोधित।

अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
बसिया (गुमला)।

अनुमण्डल पदाधिकारी
–सह–
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
बसिया (गुमला)।

Digitally signed by SHEKHAR KUMAR
Date: 2024.07.19 12:58:05 +05:30
Location: 192.168.1.10